फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री पर्वतसिंह पिता नाहरसिंह राठौड़ निवासी गांव माण्डावाड़ा पो. पड़ासली तहसील व जिला राजसमन्द

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 66/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 09.10.2023 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द से जरिये क्रमांक :– आर.टी.आई/23/317 दिनांक 27.09.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना के संबंध में अपीलार्थी श्री पर्वतसिंह पिता श्री नाहर सिंह राठौड़ द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त आवेदन अवलोकन किया गया, आवेदन में चाही गयी सूचना के संबंध में प्रार्थी को सूचित कर बुलाया गया। आवेदन में चाही गयी सूचना के संबंध में प्रार्थी से जानकारी ली जाकर प्रार्थी को चाही गयी सूचना के संबंध में अवगत करया गया। जिससे प्रार्थी सहमत है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी के सहमति प्रार्थना पत्र के आधार पर वांछित सूचना के संबंध में कार्यवाही पूर्ण कर नियमानुसार वांछित सूचना उपलब्ध कराया जाना सूनिश्चित करें। उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार राजसमन्द को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर (राज.)